
# DigiTrak® Aurora™ डिस्प्ले

# AF10 स्थापना मार्गदर्शिका







ड्रिल डॉकिंग स्टेशन

## ड्रिल डॉकिंग स्टेशन निर्धारण

Aurora™ AF10 डिस्प्ले त्वरित-कनेक्ट ड्रिल डॉकिंग स्टेशन आपके ड्रिल रिग पर स्थापित होने के लिए मौजूद है। स्थापित होने के बाद डॉकिंग स्टेशन आधार हर समय ड्रिल रिग पर बना रह सकता है। आधार से ब्रेकेट को निकालने के लिए, लॉकिंग नॉब को ढीला करें।

एक ऐसा समतल क्षैतिज स्थान चुनें जिस पर संचालक की गति की सामान्य सीमा में बाधा पहुँचाए बिना आसानी से Aurora तक पहुँचा जा सकता है। इस स्थान से रिसीवर तक सीधी दृष्टि रेखा बननी चाहिए और आवश्यक केबलिंग तक पहुँच होनी चाहिए।

ड्रिल डॉकिंग स्टेशन को ड्रिल रिग की समतल सतह पर सुरक्षित रखें, इसके लिए हार्डवेयर किट के साथ दिए गए कसने वाले उपकरणों का भी उपयोग कर सकते हैं। DCI केवल मज़बूत धात्विक सतह पर बोल्ट करने की अनुशंसा करता है, प्लास्टिक या फाइबरग्लास जैसे लचीले पदार्थ देखने में सख्त दिखाई दे सकते हैं, परंतु वे समय बीतने पर लचीले या टूट सकते हैं, भले ही उन्हें माउंटिंग छिद्रों में मज़बूत कसा गया हो।

यह डॉकिंग स्टेशन दीवार पर माउंट होने के लिए नहीं बना है।

## Aurora संलग्न करना

मोबाइल या ड्रिल डॉकिंग स्टेशन पर मार्गदर्शक पिनों को Aurora के पृष्ठभाग पर समान बने ग्राहियों के साथ संरेखित करें। Aurora को ब्रैकेट से जोड़कर मज़बूती से पकड़ते हुए थंब स्क्रू को घड़ी की सुई की दिशा में तब तक घुमाएँ जब तक कि Aurora डॉकिंग स्टेशन पर सुरक्षित रूप से कस न जाए।

उपकरणों को परिवहन के लिए Aurora को डॉकिंग स्टेशन से निकालें और सुरक्षित रखें; Aurora के कनेक्ट न रहने की स्थिति में डेटा कनेक्टर को सुरक्षित रखने के लिए साथ में प्रदान किए गए रबर कैप का इस्तेमाल करें।

## कनेक्शन


### DC पॉवर केबल

डिस्प्ले माउंट पर DC पॉवर पोर्ट एक गोल 4-पिन कनेक्टर वाले केबल का उपयोग करता है। केबल कनेक्ट करने के लिए:

1. माउंटिंग ब्रैकेट पर गोल पॉवर / डेटा कनेक्टर से सुरक्षात्मक कैप को घड़ी की सुई की विपरीत दिशा में घुमाकर निकालें।
2. DC केबल कनेक्टर और पॉवर पोर्ट को सही तरीके से संरेखित करने लिए बनाया गया है। कनेक्टर को तब तक घुमाएँ, जब तक स्लॉट एक सीध में न आ जाएँ, उसके बाद कनेक्टर को अंदर धकेलें और उसे लॉक करने के लिए घड़ी की सुइयों की दिशा में एक चौथाई घुमाएँ।

# AF10 स्थापना मार्गदर्शिका

3. DC केबल के दूसरे सिरे को एक 12 VDC एक्सेसरी पोर्ट से जोड़ें। Aurora™ हमेशा पॉवर स्रोत से कनेक्ट होने पर करंट खींचता है, भले ही वह बंद दिखाई दे।




### टेलीमीटरी एंटीना

लंबे प्रदान किए गए एंटीना को Aurora के पृष्ठभाग पर स्थित कोएक्सियल कनेक्टर के साथ कनेक्ट करें। महत्वपूर्ण स्थापना और सुरक्षा जानकारी के लिए अलग से लंबे व्हिप वाले एंटीना की स्थापना मार्गदर्शिका देखें।

### GPS एंटीना

GPS एंटीना एक ऐसी क्षैतिज सतह पर माउंटेड होना चाहिए जहाँ से आकाश साफ दिखाई देता हो।

GPS एंटीना केबल को ड्रिल डॉकिंग स्टेशन के कनेक्टर पर प्लग करें, जैसा कि ऊपर दिखाया गया है। एंटीना पर लगे दोनों सिरों के टेप का आवरण निकालने से पहले स्थापना सतह को भली-भाँति साफ करें और पूर्णतया सूखने दें। केबल को सुरक्षित मार्ग पर बिछाएँ. Aurora में GPS सिस्टम की तिथि और समय सेट करती है और इसका उपयोग भावी अनुप्रयोगों में किया जाएगा।

### बहु-फ़ंक्शन केबल बॉक्स (MFCB)


एक स्टीयरिंग टूल (SST®) या केबल ट्रांसमीटर के साथ ड्रिल करते समय एक बहु-फ़ंक्शन केबल बॉक्स (MFCB) आवश्यक होता है। MFCB को कनेक्ट करने पर विस्तृत जानकारी, MFCB संचालक पुस्तिका देखें, जो www.DigiTrak.com पर है। Aurora का इस्तेमाल इन ट्रांसमीटरों के साथ करने से संबंधित अधिक जानकारी के लिए, कृपया संचालन मैनुअल में **MFCB के साथ कार्य करना** देखें।

## देखने के कोण को समायोजित करना

देखने के कोण को समायोजित करने के लिए, डिस्प्ले को एक हाथ से मज़बूती से पकड़ें, उसके बाद अपने दूसरे हाथ से डॉकिंग नॉब को थोड़ा-सा ढीला करें, स्क्रीन समायोजित करें, और पुन: मज़बूती से कस दें। यदि लॉकिंग नॉब मज़बूती से नहीं कसा जाए, तो डिस्प्ले ड्रिलिंग के दौरान अपनी स्थिति पर कायम नहीं रह पाएगा।

## मोबाइल डॉकिंग स्टेशन

आपके Aurora के साथ एक मोबाइल डॉकिंग स्टेशन और पॉवर आपूर्ति भी शामिल होगा, जिसका उपयोग ड्रिल रिग से दूर होने की स्थिति में डिस्प्ले के लिए किया जाएगा। GPS का उपयोग मोबाइल डॉकिंग स्टेशन के साथ नहीं किया जाता।




## चेतावनियाँ

! डॉकिंग स्टेशन को निम्न स्थानों पर माउंट करें (a) ऐसी सतह पर, जो पूरे डिस्प्ले का भार आसानी से सहन कर सकती है, (b) जहाँ वह संचालक की सामान्य गति की सीमा पर बाधा उत्पन्न नहीं करेगी, (c) जहाँ उस तक संचालक आसानी से पहुँच सके, और (d) जहाँ वह किसी भी प्रकार से ड्रिलिंग प्लेटफ़ॉर्म पर मौजूदा प्रणालियों को क्षति/बाधा न पहुँचा सके।

! निम्न कार्य न करें (a) Aurora को बिना स्विच वाले पॉवर पर सीधे तार से न जोड़ें (ड्रिल रिग के बंद होने पर बैटरी खर्च होती रहेगी, (b) तारों को उस मार्ग से न ले जाएँ जहाँ अनावश्यक रगड़ लगने या कटने-फटने की संभावनाएँ हों, (c) तार इतना अपर्याप्त न छोड़ें, कि जिससे डिस्प्ले के हिलने-डुलने में बाधा उत्पन्न हो, या (d) वायरिंग कनेक्टर पर तनाव न डालें।

! Aurora को पहले सहारा दिए बिना डॉकिंग स्टेशन लॉकिंग नॉब ढीला न करें अन्यथा यह उलट सकता है। हमेशा Aurora माउंट करने से पहले लॉकिंग नॉब कसें।

## प्रश्न?

यदि Aurora डॉकिंग स्टेशन स्थापित करने संबंधी आपके कोई प्रश्न हैं, तो कृपया सहायता के लिए अपने स्थानीय डीलर या DCI ग्राहक सेवा से संपर्क करें।